कुण्डेश्वर में चंदे के पैसों को लेकर विवाद, एफआईआर

दो पुजारियों ने की अपनी अलग-अलग शिकायतें

पुलिस ने एक की शिकायत पर लिया संज्ञान

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़

जिले के प्रसिद्ध कुंडेश्वर मंदिर में दान राशि के बंटवारे को लेकर दो पुजारियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है, जबकि दूसरे पक्ष के आरोपों की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को मंदिर के प्रधान पुजारी जमुना तिवारी ने सहायक पुजारी अवधेश लिटोरिया के खिलाफ मारपीट की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने जमुना तिवारी का चिकित्सीय परीक्षण कराया, जिसमें उनके हाथ में चोट के निशान पाए गए। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अवधेश लिटोरिया के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। वहीं रविवार को सहायक पुजारी अवधेश लिटोरिया भी कोतवाली पहुंचे और प्रधान पुजारी जमुना तिवारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर में श्रद्धालुओं से प्राप्त होने वाली दान राशि में उनका हिस्सा नहीं दिया गया। जब उन्होंने इस संबंध में विरोध जताया तो उनके साथ मारपीट की गई। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि अवधेश लिटोरिया की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पूरा विवाद मंदिर में आने वाली दान राशि के बंटवारे को लेकर हुआ है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि कुंडेश्वर मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन, पूजा-अर्चना और वाहनों का पूजन कराने पहुंचते हैं।

श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई जाने वाली दान राशि को मंदिर में सेवा देने वाले पुजारियों के बीच निर्धारित व्यवस्था के अनुसार बराबर बांटा जाता है। इसी हिस्सेदारी को लेकर दोनों पुजारियों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल है। लोगों का कहना है कि धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र में इस तरह के विवाद सामने आने से मंदिर की गरिमा और प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे।

अवधेश के आवेदन पर जांच जारी

अवधेश लिटोरिया ने आरोप लगाया कि उन्हें दान राशि में से उनका हिस्सा नहीं दिया गया, जिसकी शिकायत करने पर जमुना तिवारी ने उनके साथ मारपीट की।कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि अवधेश लिटोरिया के आवेदन पर मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में यह सामने आया है कि पूरा विवाद श्रद्धालुओं से मिलने वाली दान राशि के बंटवारे को लेकर है। कुंडेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना और वाहनों का पूजन कराने आते हैं। मंदिर में प्राप्त होने वाली दान राशि को सभी पुजारियों में बराबर बांटा जाता है। इसी बंटवारे को लेकर दोनों पुजारियों के बीच विवाद और हाथापाई हुई।

मानसून की देरी से बुआई प्रभावित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मानसून की देरी के कारण इस बार खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हुई है। शनिवार को दिनभर धूप रहने के बाद शाम को मौसम बदला। तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। बस स्टैंड के पास तेज हवा से एक पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पिछले साल की तुलना में इस जून में बारिश न के बराबर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल 27 जून तक जिले में औसत 9.9 इंच बारिश दर्ज की गई थी। इसके विपरीत, इस साल अब तक केवल 0.4 इंच औसत बारिश हुई है। किसानों को कम से कम 4 इंच बारिश होने तक खरीफ फसलों की बुआई शुरू नहीं हुई।

टीकमगढ़ जिले की डायरी

युवा मोर्चा पद पाने एकजुट हुए कई युवा, भोपाल में चेतावनी

टीकमगढ़ की सियासत में इन दिनों युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पाने की चर्चाएं खूब व्याप्त है . अब खबर निकलकर सामने आई है कि इस पद को लेकर बड़ा पैंच फंस गया है . बीते दिनों युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने टीकमगढ़ में कहा था कि जमीनी कार्यकर्ता को यह पद मिलेगा . बस फिर क्या है उसी दिन से कुछ युवाओं ने अपनी टीम तैयार की और पहुंच गए भोपाल . सूत्र बता रहे हैं कि इन एकत्रित युवाओं की एक टीम ने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर कोई पत्र भी उन्हें दिया है और चेताया है कि अगर उनकी टीम से किसी को अध्यक्ष नहीं बनाया, तो टीकमगढ़ में बड़ा खेल यह युवा खेलेंगे, लेकिन यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि जिस संगठन से यह युवा पद पाने यह रणनीति बना रहे हैं, वह संगठन बेहद सख्त है . ऐसा करने वाले कुछ पुराने नेताओं को इसकी सजा आज भी टीकमगढ़ जिले में भुगतनी पड़ रही है . बरहाल जो भी हो अब देखना यही होगा कि टीकमगढ़ युवा मोर्चा की कमान किसी जमीनी युवा कार्यकर्ता को मिलती है या फिर सिफारिशी के साथ दबाव बनाने वाली टीम में से ही किसी एक को चुनकर यह जिम्मेदारी दी जाती है, फैसला अब युवाओं के प्रदेश मुखिया श्याम के हाथ .

पंचायत सचिव तबादलों में हो गया बड़ा खेल

पंचायत सचिवों के तबादलों में बड़े खेल की चर्चाएं इन दिनों खूब व्याप्त हैं . चर्चा है कि पिछले वर्ष कई सचिवों को एक ही पंचायत में कई वर्षों से पदस्थ होने के बाद वहां से हटाया गया था, परन्तु इस बार उन्हीं में से कईयों को दुवारा उसी जगह तैनात किया गया है . यह बड़ी सेटिंग का खेल पंचायत सचिव के तबादलों में हुआ है . यह तबादला नीति के विपरीत ही नहीं, बल्कि इन तबादलों में से भ्रष्टाचार की बू भी आती दिखाई दे रही है . अब इसके पीछे कौन है, कैसे यह खेल खेला गया, यह तो इस कार्य को अंजाम देने वाले ही बता पाएंगे। हालांकि चर्चाओं का बाजार गर्म है कि एक साल बाद कई सचिवों को उसी जगह भेज दिया गया, जहां से उन्हें हटाया गया था .

...आखिर में बात जिला अस्पताल की

...आखिर में बात कर लेते हैं जिला अस्पताल की . यहां के डॉक्टर रोजाना सुबह से मरीजों को प्राईवेट दवाईयां लिखने का कार्य कर रहे हैं। जबकि शासन ने लाखों रुपए की दवाएं जिला अस्पताल में रख रखी हैं . इन डॉक्टरों की मेडिकल संचालक से इतनी अच्छी सेटिंग है कि इनकी लिखी दवाईयां इनके बताए मेडिकल पर ही मिलेंगी . बड़े साहब ध्यान दें।

आमिर खान, दैनिक नवभारत

कृषि मंडी के टीन शेडों पर व्यापारियों का कब्जा

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कृषि उपज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टीन शेडों पर व्यापारियों द्वारा स्थायी रूप से कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मंडी प्रशासन द्वारा कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद व्यापारियों ने अपना माल नहीं हटाया है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, मंडी परिसर में बने टीन शेड किसानों को बरसात और अन्य मौसम की परिस्थितियों से बचाने के लिए बनाए गए थे, ताकि वे अपनी उपज को सुरक्षित रख सकें। लेकिन वर्तमान में इन शेडों पर व्यापारियों का कब्जा होने से किसान अपनी फसल रखने के लिए स्थान नहीं पा रहे हैं। मंडी कर्मचारियों का कहना है कि व्यापारियों को कई बार नोटिस देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद वे अपनी मनमानी पर अड़े हुए हैं। बरसात का मौसम शुरू होने के कारण किसानों की चिंता और बढ़ गई है। जिला प्रशासन एवं मंडी प्रशासन से मांग की है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखा जाए।

तालाब में डूबने से एक की मौत

नवभारत न्यूज पलेरा।

थाना क्षेत्र के ग्राम घूरा के तालाब में एक दर्दनाक हादसा हो गया। दर्शन करने आए तीन नाबालिग किशोर तालाब में नहाते समय गहरे पानी में चले गए।

हादसे में 14 वर्षीय राहुल अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 वर्षीय अंकित अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। तीसरे किशोर सुरक्षित है उसने लोगों को आवाज दी तब लोग वहां पहुंचे।

निर्धारित शुल्क जमा कर होगा रजिस्ट्रेशन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई बल्देवगढ़ में सत्र 2026 के प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश राज्य एवं राज्य के बाहर के आवेदक 30 जून तक पोर्टल पर स्वयं अथवा किसी ऑनलाइन सहायता केन्द्र के माध्यम से निर्धारित पोर्टल शुल्क का भुगतान कर रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

संस्था में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, डीजल मैकेनिक, वेल्डर, आरएसी ट्रेड उपलब्ध है। संस्थाओं के नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाइस फिलिंग एवं च्वाइस फिलिंग के क्रम में त्रुटि सुधार 30 जून 2026 तक की जा सकेगी। समयानुसार मेरिट सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें चयनित आवेदक को आनलाइन एजेंसी द्वारा एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

उक्त समय सारिणी में किसी प्रकार का परिवर्तन होने की सूचना पोर्टल पर प्रदर्शित की जाऐगी। विस्तृत जानकारी नजदीकी आईटीआई या पोर्टल पर देखी जा सकती है। मध्यप्रदेश राज्य एवं राज्य के बाहर के आवेदक 30 जून तक पोर्टल पर स्वयं अथवा किसी ऑनलाइन सहायता केन्द्र के माध्यम से निर्धारित पोर्टल शुल्क का भुगतान कर रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

सेल सागर तालाब में मिला शव

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के सेल सागर तालाब में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखने के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला।

पुलिस शिनाख्त में मृतक की पहचान 35 वर्षीय जावेद खान के रूप में हुई है। वह शहर की इंद्रा कॉलोनी हनुमंत स्कूल के पास का निवासी था और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

मेरिट के आधार पर मिलेगा संस्था में प्रवेश

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई में व्यवसाय सटेनोग्राफी हिन्दी, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, बेल्डर, सोलर टैक्नीशियन और ट्रेवल एण्ड टूर असिस्टेन्ट में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल के माध्यम से 30 जून तक रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

आवेदक व्यवसायों की प्राथमिकता का चयन 30 जून तक कर सकते है। प्रथम चयन सूची 10वीं परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर विभाग के पोर्टल पर प्रकाशित की जायेगी, जिसकी सूचना विभागीय पोर्टल पर पृथक से जारी की जाएगी तथा मेरिट के अनुसार आवेदकों को संबंधित संस्था में प्रवेश दिया जायेगा। शासकीय आईटीआई में प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी हेतु आवेदक केएल कोरी प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल नंबर आदित्य नायक मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं अथवा शासकीय आईटीआई उपस्थित होकर भी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पोलियो अभियान शुरू

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

रविवार को 28 जून से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान में दो बूंद जिंदगी की संदेश के साथ सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वह अपने बच्चों को दवा का सेवन कराए।

जानकारी के अनुसार 28 से 30 जून 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई गई।

कृषि तकनीकियों पर दी गई सलाह

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले में प्री-मानसून लगभग 15-जून के आसपास आ जाना चाहिए था और 25-जून से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक जिले में मानसून का पूरी तरह आगमन हो जाता है मगर अभी तक ऐसी मौसम की स्थिति दिख नहीं रही है।

ऐसी स्थिति को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, के वैज्ञानिकों डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति और जयपाल छिगारहा द्वारा कृषकों को जलवायु परिवर्तन की स्थिति एवं मौसम की अनिश्चितता के बीच समुत्थानुशील कृषि तकनीकियों पर सलाह है कि प्रारंभिक मौसम में वर्षा बिलम्ब से शुरुआत होने पर कम वर्षा की स्थिति को पहचाने और कितने दिन मौसम में देरी से आने में है उस अनुसार खरीफ में बुवाई करें जैसे 1-15 जुलाई तक किसान भाई सोयाबीन उर्द मूंगफली और तिल की जलवायु के प्रति सहनशील किस्मों की बुवाई कर सकते है। मानसून की अनिश्चितता और कम वर्षा ऐसी स्थिति में पारंपरिक तरीकों के बजाय वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही करें।

भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कांग्रेस ने अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी और उज्जैन जमीन घोटाले के विरोध में प्रदर्शन किया। गांधी चौराहे पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला जलाना चाहती थी, लेकिन पुलिस ने उसे छीन लिया।

प्रदर्शन स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर ही मुख्यमंत्री का पुतला छीन लिया, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई।युवा कांग्रेस अध्यक्ष पार्थ सिंह ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में सामने आई चोरी और कथित अनियमितताओं ने देशभर के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

अंडर ग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा आज वार्ड क्र. 18 में चल रहे निर्माणाधीन अंडर ग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में कराये जाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान स्वच्छता प्रभारी पार्षद अजय यादव अज्जू गाड़े उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इसके साथ ही नाला नाली सफाई अभियान अंतर्गत आज वार्ड 27 चित्रांश कॉलोनी मे लगभग 200 मीटर नाली, वार्ड 02 पुरानी टेहरी टावर लाइन के की लगभग 300 मीटर नाली, वार्ड 11 मोटे का मुहल्ला की लगभग 200 मीटर नाली की सफाई करायी गई तथा अन्य वार्डो की नालियों की सफाई करा कर कचरा तत्काल उठवाया गया।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा वार्ड क्र. 18 में चल रहे निर्माणाधीन अंडर ग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया गया।

गंदगी से संक्रामक बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

नवभारत न्यूज

मोहनगढ़। कस्बे में कचरा संग्रहण एवं नियमित सफाई व्यवस्था के अभाव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्गों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर समय पर कचरा नहीं उठने से गंदगी बढ़ रही है, जिससे दुर्गंध फैलने के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नगर स्तर पर नियमित कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कचरा उठाने की व्यवस्था तथा सफाई कर्मियों की नियमित तैनाती की जाए, तो कस्बे की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा सुधार हो सकता है।

लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान लगाए जाने की भी मांग की है। ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से अपील की है कि स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए नियमित सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि मोहनगढ़ को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके। उनका कहना है कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है और इस दिशा में प्रशासन व आमजन दोनों की सहभागिता आवश्यक है।

मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

हादसा | कार की टक्कर से हुआ हादसा

सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। रविवार सुबह एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर दिगौड़ा के पास हुई। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कार की टक्कर से नन्ही बाई कुशवाहा नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार के टकराने से सड़क किनारे लगा बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया।



हादसे में कार में सवार चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। दिगौड़ा थाना पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी में पता चला है कि कार में सवार लोग झांसी से घुवारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दिगौड़ा थाने से थोड़ी दूरी पर तेज रफ्तार के कारण हादसा हो गया।

घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने विरोध जताया है। जानकारी रखते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।लोगों को समझाकर मामला शांत कराया गया। घायलों से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है। रविवार सुबह एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर दिगौड़ा के पास हुई। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कार की टक्कर से नन्ही बाई कुशवाहा नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार के टकराने से सड़क किनारे लगा बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया। पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया।

नाराज ग्रामीणों ने जताया विरोध

घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने विरोध जताया है। जानकारी लगते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। लोगों को समझाकर मामला शांत कराया गया। घायलों से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है, जांच जारी है।

12 अगस्त तक निरस्तीकरण की प्रक्रिया जारी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।